
# चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पटना ( आससे )। चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यो का प्रशिक्षण चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों जिला- सारण, शेखपुरा, के प्राचार्य/ प्रभारी प्राचार्य को समग्र शिक्षा/छात्र कोष/विकास कोष एवं ईलाट्स का संचालन बिन्दु पर दिनांक 23.07.2023 रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रो राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी, कुमुद कुमार मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी सीआईएमपी, जितेन्द्र कुमार पासवान, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी, भारत भूषण राज्य साधन सेवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री सुशील कुमार भी उपस्थित थे। प्रो राणा सिंह द्वारा प्राचार्यो को आन




लाईन राशि व्यय करने एवं खाता संचालन में सावधानी बरतने के सन्दर्भ में सलाह दिया गया। एसएनए खाता पर अमरनाथ, लेखापाल, बीईपीसी, आलोक कुमार लेखा सहायक द्वारा प्राचार्यों को खाता संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालयों में संचालित प्रबंधन समिति एवं अन्य समिति संचालन को बिन्दु पर जितेन्द्र कुमार पासवान, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी पटना द्वारा प्राचार्यो को विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

विद्यालय के छात्र कोष/विकास कोष/ जीओबी से संबंधित खातों का संचालन करने का अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के निर्देश पर के आलोक में श्री वेंकटेश कुमार द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

ईलाट्स जो आनलाईन शिक्षण कार्य का प्रशिक्षण श्री प्रभात कुमार द्वारा दिया गया। ईलाट्स को विस्तार पूर्वक प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया। प्रथम सत्र में कुल- 195 प्राचार्य/प्रतिभागी एवं द्वितीय सत्र में कुल- 212 प्राचार्य/प्रतिभागी भाग लिये। सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्राचार्यो का इस प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुये प्रशंसा की गयी।

# ई-लाट्स पोर्टल का अध्ययन कर विद्यार्थियों को करें शिक्षित




प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते प्रो. राणा सिंह व शिक्षा विभाग के अधिकारी ● जागरण

जागरण संवाददाता, पटना : बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से पटना में राज्य भर के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को स्कूल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में सारण और शेखपुरा जिले के माध्यिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में समग्र शिक्षा, छात्र कोष, विकास कोष एवं ई-लाट्स का संचालन की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापकों को बताया गया कि विकास कोष की राशि से विद्यालय के विकास कार्य कैसे किया जा सकता है। ई-लाट्स पोर्टल पर कक्षा एक से 12 वीं तक पाठ्यक्रम, इससे संबंधित वीडियो अपलोड है। इसकी सहायता से शिक्षक अध्ययन -अध्यापन कर सकते हैं। इससे पहले शिविर का उद्घाटन सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमुद कुमार, बीइपीसी के अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पासवान, राज्य साधन सेवी भारत भूषण दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रो. राणा सिंह ने प्रधानाध्यापकों को आनलाइन राशि व्यय करने एवं खाता संचालन में सावधानी बरतने सलाह दी।

Dainik Jagran ! Page No - 02 !
Date - 24-07-2023 !

# सीआईएमपी में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों का प्रशिक्षण

**पटना/संवाददाता।** चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना में सारण के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य व प्रभारी प्राचार्य को समग्र शिक्षा, छात्र कोष एवं विकास कोष के संचालन बिन्दु पर रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमुद कुमार, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी, ज़ितेन्द्र कुमार पासवान और भारत भूषण ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुशील कुमार भी उपस्थित थे। मौके पर प्रो. राणा सिंह ने प्राचार्यों को ऑनलाइन राशि व्यय करने एवं खाता संचालन में सावधानी बरतने के सन्दर्भ में सलाह दी। एसएनए खाता पर लेखापाल, बीईपीसी अमरनाथ, लेखा सहायक आलोक कुमार द्वारा प्राचायों को खाता संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालयों में संचालित प्रबंधन समिति एवं अन्य समिति संचालन को बिन्दु पर अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी जितेन्द्र कुमार पासवान ने प्राचार्यो को विस्तृत जानकारी प्रदान की। सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्राचार्यों का इस प्रशिक्षण की आवश्यकता बताते हुये प्रशंसा की गयी।

Sanmarg ! Page No - 03 ! Date-24-07-2023

# मा. व उच्च मा. विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रशिक्षण

**पटना।** चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के सारण और शेखपुरा के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य को समग्र शिक्षा/छात्र कोष/विकास कोष एवं ईलाट्स का संचालन बिन्दु पर रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रो. राणा सिंह, निदेशक, सीआईएमपी, कुमुद कुमार मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी सीआईएमपी, जितेन्द्र कुमार पासवान, अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी, भारत भूषण राज्य साधन सेवी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सुशील कुमार भी उपस्थित थे। प्रो. राणा सिंह ने प्राचार्यों को ऑनलाईन राशि व्यय करने एवं खाता संचालन में सावधानी बरतने के संदर्भ में सलाह दी। प्रथम सत्र में कुल 195 एवं द्वितीय सत्र में कुल 212 प्राचार्य/प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को रश्मि रेखा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईपीसी ने भी सम्बोधित किया। जितेन्द्र कुमार पासवान अपर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

Rashtriya Sahara ! Page No - 04 !
Date - 24-07-2023 !